नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी १९३४ से


5 यूपी की इकोनॉमी होगी नंबर एक : योगी


6 कब विदा होगा आफत का मानसून ?


7 फ्रोज़न सेक्शन एनालिसिस से कैंसर नियंत्रण


8 धरमबीर ने रचा इतिहास! पेरिस पैरालंपिक्स में जीता गोल्ड मेडल

## एक नजर में



### मुर्मु, मोदी ने दी शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं

**नयी दिल्ली.** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान सहित विभिन्न नेताओं ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के मौके पर गुरुवार को उन्हें नमन किया और श्रद्धा सुमन अर्पित किये। श्रीमती मुर्मु ने इस अवसर राष्ट्रपति भवन में डॉ. राधाकृष्णन की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें नमन किया।

### पिकअप स्कॉर्पियो टकराई चार लोगों की मौत

**मंदसौर.** मंदसौर में पिकअप और स्कॉर्पियो की आमने-सामने भिड़ंत में चार लोगों की मौत हो गई है. हादसा दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस हाईवे पर बीती रात में हुआ. स्कॉर्पियो में तीनों दोस्तों समेत पिकअप के ड्राइवर सहित चारों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया. एक घायल मंदसौर जिला चिकित्सालय रेफर स्कॉर्पियो में सवार गरोठ तहसील के भामखेड़ी निवासी शंकर सिंह (25) गोविंद सिंह (25) और बालू सिंह (25) सवार थे. पिकअप ड्राइवर राजस्थान के झालावाड़ जिले का रहने वाला सूरजमल प्रजापत (37) चला रहा था.

### 30 फीट से रेलवे ट्रैक पर गिरा ट्रक, चालक की मौत

**कानपुर.** कानपुर में गुरुवार देर शाम एक ट्रक रेलवे ट्रैक पर गिर गया। हादसे में ट्रक ड्राइवर की मौत हो गई. दिल्ली हाईवे की सर्विस लेन पर ट्रक गुजैनी पुल की रेलिंग तोड़ते हुए नीचे रेलवे ट्रैक पर गिर गया. क्षतिग्रस्त ट्रक से काफी मशक्कत के बाद ड्राइवर के शव को बाहर निकाला गया. अधिकारियों का कहना है कि 30-40 फीट ऊपर से ट्रक गिरा है. इस दौरान रेलवे ट्रैक पर कोई ट्रेन नहीं आ रही थी, नहीं तो बड़ा रेल हादसा हो सकता था. हादसे के बाद 10 थानों का फोर्स पहुंची.

### राष्ट्रीय निकास परीक्षा का प्रावधान लागू होगा

**नयी दिल्ली.** केंद्रीय आयुष मंत्री प्रताप राव जाधव ने गुरुवार को कहा कि आयुष पद्धति के चिकित्सक की पात्रता प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय निकास परीक्षा (नेक्स्ट) का प्रावधान शैक्षिक सत्र वर्ष 2021-22 तथा उसके बाद से लागू किया जाएगा. श्री जाधव ने आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि राष्ट्रीय निकास परीक्षा पर गठित समिति की यह सिफारिशों को सरकार ने स्वीकार कर लिया है. उन्होंने कहा कि समिति की मुख्य सिफारिश के तहत राष्ट्रीय निकास परीक्षा के प्रावधान विद्यार्थियों के लिए शैक्षिक सत्र 2021-22 और उसके बाद से लागू किया जाना चाहिए.

## गुस्ताखी माफ




# भारत में बनेंगे कई सिंगापुर

**20** अगस्त को भारत-मलेशिया के बीच बनी थी सहमति | **10** वर्षों के दौरान द्विपक्षीय कारोबार हुआ दोगुना | **4** बड़े समझौतों पर लगी मुहर

**नई दिल्ली, 5 सितंबर. पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा है कि वह भारत में कई सिंगापुर बनाना चाहते हैं। यह बात उन्होंने गुरुवार को सिंगापुर के पीएम लौरेंस वोंग के साथ हुई द्विपक्षीय वार्ता के दौरान कही. दोनों नेताओं ने भारत और सिंगापुर के मौजूदा रणनीतिक साझेदारी संबंधों को दर्जा बढ़ा कर समग्र रणनीतिक साझेदारी करने का फैसला किया. तीन हफ्तों के भीतर हिंद प्रशांत क्षेत्र का दूसरा देश है जिसके साथ भारत ने अपने रिश्तों की दर्जा बढ़ाया है.**

पिछले पखवाड़े 20 अगस्त, 2024 को भारत और मलेशिया के बीच ऐसी ही सहमति बनी थी. इसका मतलब यह हुआ कि इन देशों के साथ भारत रक्षा, कारोबार, सैन्य, संचार जैसे क्षेत्रों में एक दूसरे के हितों की रक्षा करने में सहयोग दें. मोदी और वोंग की अगुवाई में दोनों देशों के बीच चार अहम समझौतों पर हस्ताक्षर भी हुए हैं. ब्रुनेई की यात्रा के बाद पीएम मोदी बुधवार को सिंगापुर पहुंचे थे. गुरुवार को उनकी पीएम



वोंग और राष्ट्रपति थर्मन शन्मुगरत्नम के साथ मुलाकात की. जबकि दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों की अगुवाई में आधिकारिक वार्ता हुई.

वोंग सिंगापुर में चौथी पीढ़ी के प्रधानमंत्री हैं जिस पर पीएम मोदी ने उन्हें खास तौर पर बधाई दी. मोदी ने कहा कि मुझे विश्वास है फोर-जी (चौथी पीढ़ी) के नेतृत्व में, सिंगापुर और अधिक तेजी से प्रगति करेगा. सिंगापुर केवल एक पार्टनर-देश नहीं है. सिंगापुर, हर विकासशील देश के लिए एक प्रेरणा है. हम भी भारत में अनेकों सिंगापुर बनाना चाहते हैं. और मुझे खुशी है कि हम इस दिशा में मिलकर प्रयास कर रहे हैं. पीएम मोदी की यात्रा के बाद भारत व सिंगापुर की तरफ से जारी संयुक्त बयान में चीन के आक्रामक रवैये से साउथ चीन सी की मौजूदा स्थिति की तरफ सीधा इशारा किया गया है और इस क्षेत्र के सभी देशों और दूसरे अन्य देश जो इससे जुड़े हुए नहीं हैं, उनके लिए एक आचार संहिता बनाने की मांग की गई है. इस क्षेत्र में शांति, स्थिरता, सुरक्षा और आजादी सुनिश्चित हो.

### भविष्य का रोडमैप तैयार

पीएम मोदी ने सिंगापुर में तमिल भाषा के प्राचीन कवि थिरुवल्लुवर केंद्र स्थापित करने की भी घोषणा की. उन्होंने सिंगापुर को भारत की एक्ट ईस्ट नीति का सूत्रधार बताया. रणनीतिक संबंधों के 10 वर्षों के दौरान द्विपक्षीय कारोबार के दोगुना होने और सिंगापुर से भारत में होने वाले निवेश के तीन गुणा बढ़ कर 150 अरब डॉलर होने का जिक्र किया. इसके साथ ही रिश्तों का दर्जा समग्र रणनीतिक साझेदारी करने पर खुशी जताई.

# 50 शिक्षकों को राष्ट्रपति सम्मान

## 50,000 रुपये का नकद पुरस्कार, रजत पदक और प्रमाण पत्र

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 5 सितंबर.** मध्य प्रदेश के पांच शिक्षक समेत देशभर के 50 शिक्षकों को दिल्ली में गुरुवार को राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया. गुरुवार को दिल्ली के विज्ञान भवन में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने इन शिक्षकों को सम्मानित किया. यह दिन न केवल डॉ. राधाकृष्णन की विरासत का सम्मान करता है, बल्कि देशभर के शिक्षकों की लगन और कड़ी मेहनत को भी नमन करता है. इसी के तहत आज देश के 50


प्रेमलता राहंगडाले

शिक्षकों को राष्ट्रपति पुरस्कार से नवाजा गया. इन शिक्षकों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों को सम्मानित करने 50,000 रुपये का नकद पुरस्कार, एक रजत पदक और एक प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा.

### यह हैं एमपी के शिक्षक

- डिंडोरी की सुनीता गुप्ता.
- मंदसौर खजुरिया सारंग की शिक्षक सुनीता गोधा.
- दमोह लिधौरा के माधव पटेल.
- भोपाल आईटीआई की प्रेमलता राहंगडाले.
- भोपाल के केंद्रीय संस्कृत संस्थान के प्रो नीलाभ तिवारी.

### कोटा में नीट की तैयारी कर रहे छात्र ने की आत्महत्या

**नई दिल्ली.** राजस्थान का कोचिंग हब कोटा एक बार फिर स्टूडेंट सुसाइड को लेकर चर्चा में है. यहां छात्र आत्महत्या का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है. कोटा के जवाहर नगर थाना क्षेत्र में रहकर मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम की तैयारी कर रहे 21 वर्षीय छात्र ने अपने कमरे में फंदे पर लटककर जान दे दी. इसी के साथ इस साल कोटा में आत्महत्या करने वाले छात्रों की संख्या 16 हो गई. मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के मथुरा निवासी परशुराम के तौर पर हुई है. छात्र पिछले दो साल से कोटा में नीट की तैयारी कर रहा था.

# सुप्रीम कोर्ट का फैसला सुरक्षित

## केजरीवाल मामले में याचिकाओं पर सुनवाई पूरी

**नयी दिल्ली, 05 सितंबर (वार्ता)** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति कथित घोटाले से संबंधित केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के मुकदमे में तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिकाओं पर सुनवाई पूरी होने के बाद गुरुवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया.

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने याचिकाकर्ता केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी और



सीबीआई की ओर से पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू की घंटों दलीलें सुनने के बाद अपना निर्णय सुरक्षित रखने का फैसला किया. पीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान श्री राजू ने मुख्यमंत्री केजरीवाल को जमानत दिए जाने की दलीलों का पुरजोर विरोध करते हुए कहा कि विशेष अदालत को दरकिनार करने की अनुमति केवल असाधारण परिस्थितियों में ही दी जा सकती है.

# सेना का वाहन खाई में गिरा

## सिक्किम में बड़ा हादसा, 4 जवानों की मौत

**नई दिल्ली, 5 सितंबर.** सिक्किम में एक बड़ा हादसा हुआ है, जहाँ सेना का एक वाहन सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया. यह हादसा पूर्वी सिक्किम के जालुक आर्मी कैंप से दलपचंद की ओर जाते समय हुआ, जब सेना का वाहन 300 फीट गहरी खाई में गिर गया. इस हादसे में 4 जवान की मौत हो गई.

स्थानीय प्रशासन और सेना की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही हैं. बचाव कार्य जारी है और हताहतों की जानकारी जल्द ही दी जाएगी. हादसा उस समय हुआ जब सेना का वाहन पश्चिम बंगाल के पेडोंग से सिक्किम के पाकयोंग जिले के सिल्क रूट से जुलुक जा रहा था.



रिपोर्ट्स के अनुसार, सेना का वाहन सड़क से फिसलकर 700 से 800 फीट गहरी खाई में गिर गया. यह हादसा दलोपचंद दारा के पास वर्टिकल वीर में हुआ, जो सिल्क रूट के नाम से मशहूर रेनॉक रोंगली हाईवे के करीब स्थित है. मृतकों में मध्य प्रदेश के ड्राइवर प्रदीप पटेल, मणिपुर के क्राफ्टमैन डब्लू पीटर, हरियाणा के नायक गुरसेव सिंह, और तमिलनाडु के सूबेदार के थंगापंडी शामिल हैं.

### देश में चलेगा प्रकृति परीक्षण अभियान

**नयी दिल्ली,05 सितंबर (वार्ता)** राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा पद्धति आयोग इस वर्ष अक्टूबर से नवंबर तक पूरे देश में प्रकृति परीक्षण यह अभियान चलायेगा. केंद्रीय आयुष मंत्री प्रताप राव जाधव ने गुरुवार को कहा कि यह प्रकृति का स्वास्थ्य रक्षण में बहुत महत्व होता है और प्रकृति के जानकारी से आम नागरिक अपनी नित्य कार्यों में छोटे-छोटे बदलाव लाकर स्वस्थ रह सकते हैं. देश भर के एक करोड़ से ज्यादा नागरिकों का प्रकृति परीक्षण देश के आयुर्वेद महाविद्यालयों के एक लाख 35 हजार विद्यार्थी, 20 हजार स्नातकोत्तर शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थी, 18 हजार अध्यापक तथा तीन लाख चिकित्सक करेंगे.

# मोदी लोगों से मांगें माफी : राहुल

**मुंबई, 5 सितंबर.** कांग्रेस नेता राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को महाराष्ट्र के सांगली में एक बड़ी जनसभा को संबोधित किया और केंद्र की सत्ताधारी गठबंधन महायुति को निशाने पर लिया. छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति गिरने से जुड़ी घटना को लेकर कुछ दिन पहले ही महाराष्ट्र के सीएम से लेकर डिप्टी सीएम और पीएम मोदी तक ने माफी मांगी थी.

राहुल गांधी ने शिवाजी महाराज की मूर्ति गिरने की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि मैनें अखबार में पढ़ा था कि पीएम मोदी ने कहा था कि मैं शिवाजी महाराज की मूर्ति के गिरने पर



**शिवाजी महाराज की मूर्ति गिरने पर राहुल ने पीएम मोदी को घेरा**

**सीएम और डिप्टी सीएम ने पहले ही मांग ली थी माफी**

माफी मांगता हूं. राहुल ने कहा कि आखिर पीएम मोदी को माफी क्यों मांगनी पड़ी. राहुल गांधी ने कहा कि पीएम मोदी के माफी मांगने के अलग-अलग कारण हो सकते हैं.

> इसको लेकर राहुल गांधी ने कहा कि मैं आपको गारंटी देता हूं कि कदम जी की मूर्ति 50-70 साल बाद भी यहां रहेगीज शिवाजी महाराज की मूर्ति स्थापित की गई थी लेकिन कुछ दिनों बाद ही मूर्ति गिर गई. यह शिवाजी महाराज का अपमान है. प्रधानमंत्री को न केवल शिवाजी महाराज से बल्कि महाराष्ट्र के हर व्यक्ति से माफी मांगनी चाहिए. कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि पीएम मोदी को यह समझना चाहिए कि सिर्फ दो लोगों की सरकार क्यों चलाते हैं?

### 19 साल की लड़की से दुष्कर्म कर पत्थर से कुचला सिर

**बीदर.** कर्नाटक बीदर जिले के गुणतीर्थवाड़ी गांव में अपने घर से लापता होने के कुछ दिनों बाद एक 19 वर्षीय युवती का शव बरामद किया गया है. पुलिस के अनुसार शव में कई चोटों के निशान मिले हैं, जिसके बाद दुष्कर्म और हत्या का मामला दर्ज किया गया है. कर्नाटक पुलिस ने समाचार एजेंसी पीटीआई को घटना की जानकारी देते हुए बताया कि कथित तौर पर 29 अगस्त को हुई घटना के सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस ने कहा कि युवती के सिर पर पत्थर से वार करने के बाद कथित तौर पर उसकी हत्या कर दी गई और बाद में उसके शव को झाड़ियों में फेंक दिया गया.

# कपिल परमार ने जूडो में जीता ब्रॉन्ज

- पेरिस पैरालिंपिक- भारत को 25वां मेडल
- भारत ने टोक्यो पैरालिंपिक में जीते पांच गोल्ड

**नई दिल्ली, 5 सितंबर.** पेरिस पैरालिंपिक में भारत ने 25वां मेडल जीत लिया है। मेंस जेवी कैटेगरी के जूडो में कपिल परमार ने ब्रॉन्ज मेडल दिलाया. उन्होंने ब्राजील के एलिटन डी ओलिविएरा को 33 सेकेंड में ही 10-0 से हरा दिया.

कपिल से पहले आर्चरी में हरविंदर सिंह और पूजा की मिक्स्ड टीम सेमीफाइनल हार गई.



दोनों को इटली की वर्ल्ड नंबर-1 जोड़ी ने 6-2 से हरा दिया. भारत आज एथलेटिक्स में भी मेडल जीत सकता है. पेरिस में भारत ने 5 गोल्ड, 9 सिल्वर और 11 ब्रॉन्ज मेडल जीत लिए, यह देश का पैरालिंपिक में बेस्ट प्रदर्शन है. मेडल टैली में भारत फिलहाल 13वें नंबर पर है.

भारत ने टोक्यो पैरालिंपिक में 5 गोल्ड समेत 19 मेडल जीते थे. भारतीय जूडोका कपिल परमार मेंस 60 केजी जेवी कैटेगरी के सेमीफाइनल में हार गए. उन्हें ईरान के खोराम बनिताबा ने 10-0 से हराया. हालांकि, ब्रॉन्ज मेडल मैच में उन्होंने कमबैक किया और ब्रॉन्ज मेडल जीत लिया. उन्होंने जे1 कैटेगरी में ब्राजील के एलिटन डी ओलिविएरा को 33 सेकेंड में ही 10-0 से हरा दिया.

# पहली बार नमो भारत ट्रेन

## नवंबर से शुरू हो जाएगा दिल्ली में ट्रायल

**नई दिल्ली.** दिल्ली- मेरठ कॉरिडोर आरआरटीएस पर साहिबाबाद से न्यू अशोक नगर के बीच करीब 12 किमी के खंड पर नमो भारत ट्रेन का ट्रायल रन नवंबर से शुरू हो जाएगा. एक बार चालू हो जाने के बाद न्यू अशोक नगर और मेरठ साउथ स्टेशनों के बीच की यात्रा 35 से 40 मिनट में हो सकेगी.

न्यू अशोक नगर आरआरटीएस स्टेशन की लंबाई लगभग 215 मीटर और चौड़ाई 30 मीटर है. कानकोर्स और प्लेटफॉर्म लेवल पूरे हो चुके हैं और छत का काम प्रगति पर है. न्यू अशोक नगर तक ट्रैक



बिछाने का काम लगभग पूरा हो चुका है. ओएचई और सिग्नलिंग का काम भी प्रगति पर है. आसपास के इलाकों से स्टेशन तक कनेक्टिविटी और पहुंच को बेहतर बनाने के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) स्टेशन पर दो अतिरिक्त फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) का निर्माण भी कर रहा है.

# 20 नेताओं ने छोड़ी पार्टी

## बीजेपी की पहली सूची आने पर बगावत

**हरियाणा, 5 सितंबर. पहली सूची जारी होने के बाद बीजेपी में बगावत शुरू हो चुकी है. 20 नेताओं ने अबतक पार्टी से इस्तीफा दे दिया है. टिकट नहीं मिलने पर मंत्री रणजीत सिंह चौटाला और विधायक लक्ष्मण दास नापा ने पार्टी छोड़ दी.**

पूर्व उपप्रधानमंत्री देवीलाल के पुत्र और ऊर्जा एवं जेल मंत्री रणजीत चौटाला (79) ने कहा कि उन्होंने यह निर्णय अपने समर्थकों के साथ बैठक के बाद लिया है और अब वह निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ेंगे.

नापा ने टिकट न मिलने पर पार्टी छोड़ दी, वहीं पूर्व मंत्री कर्ण देव काम्बोज ने भी पार्टी द्वारा उनकी उम्मीदवारी को नजरअंदाज किए जाने के बाद प्रदेश भाजपा के ओबीसी मोर्चा के प्रमुख पद से इस्तीफा दे दिया. लक्ष्मण दास नापा ने पार्टी छोड़ने के बाद, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा से राष्ट्रीय राजधानी स्थित उनके आवास पर मुलाकात की और बाद में कहा कि वह अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल होंगे.

**चुनावी घमासान** | 9 विधायकों का टिकट काटा गया है और दो विधायकों की सीट बदल दी

# आयातित नेताओं के सहारे हरियाणा कब्जे की तैयारी

**प्रवेश कुमार मिश्र**

**नई दिल्ली,05 सितंबर. हरियाणा के चुनावी अखाड़े में उतरने के पहले दोनों कुनबे के रणनीतिकार अपने- अपने दलों के स्थापित पहलवानों की खुलेआम अनदेखी कर आयातित पहलवानों पर भरोसा कर रहे हैं. इतना ही नहीं इस लड़ाई में नेता पुत्रों व पुत्रियों को विशेष तरजीह देकर दोनों पक्षों के रणनीतिकारों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि एक दूसरे के खिलाफ परिवारवाद का आरोप सिर्फ दिखावा है.**

विभिन्न सर्वे रिपोर्टों के सार्वजनिक होने के बाद जहां एकतरफ भाजपाई रणनीतिकारों की नींद उड़ गई है और वे सत्ता बरकरार रखने के लिए स्थापित नेताओं के बजाय आयातित नेताओं पर निर्भर होने लगे हैं, वहीं दूसरी ओर कांग्रेसी रणनीतिकार इसे अपने लिए बेहतर मौका मानकर उम्मीदवारों के चयन में खासे सावधान दिख रहे हैं. हालांकि कांग्रेस पार्टी भी आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन और दूसरे दलों के नाराज नेताओं को अपने साथ जोड़ने के प्रयास में लगी हैं. पिछले दिनों भाजपा द्वारा 67 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की जिसमें मौजूदा 9 विधायकों का टिकट काटा गया है और दो विधायकों की सीट बदल दी है. लेकिन इसमें सबसे रोचक तथ्य यह है कि जेजेपी के तीन पूर्व विधायकों के साथ-साथ दो दिन पहले पार्टी में शामिल हुए कुछ अन्य लोगों भी को टिकट दिया गया है.

इतना ही नहीं परिवारवाद को महत्व देते हुए केन्द्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की बेटी, कुलदीप बिश्नोई के बेटे, किरण चौधरी की बेटी, करतार भड़ाना के पुत्र, बिनोद शर्मा की पत्नी को टिकट दिया गया है.

### भाजपा ने 27 नए चेहरों पर दांव लगाया है

इस तरह भाजपा ने 27 ने चेहरों पर दाव लगाया है. जबकि दूसरी ओर कांग्रेसी खेमे में भी रेसलर बजरंग पुनिया व विनेश फोगाट को जल्द शामिल कर चुनाव मैदान में उतारने की तैयारी है. इसी क्रम में उक्त दोनों ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी से मुलाकात की है. इसके अलावा चर्चा है कि कांग्रेस पार्टी टिकट कटने वाले भाजपा विधायकों व अन्य दलों के नाराज नेताओं के संपर्क में है. यदि सबकुछ ठीक रहा तो कांग्रेस की लिस्ट भी चौंकाने वाली होगी. कांग्रेस भी चुनाव के समय आया राम गया राम को चरितार्थ करने वाले आयातित नेताओं को साधने में जुटी है. यानी दोनों पक्षों के रणनीतिकार वर्षों से संघर्षरत व वचनबद्धता के साथ पार्टी के साथ रहने वाले नेताओं की अनदेखी कई सीटों पर खुले तौर पर कर रहे हैं.

# भारत पसंद नहीं तो न करें काम

## दिल्ली हाईकोर्ट ने क्यों लगाई विकीपीडिया को फटकार

**नई दिल्ली.** दिल्ली हाई कोर्ट ने गुरुवार को विकीपीडिया को अवमानना का नोटिस जारी किया. समाचार एजेंसी ,हृ्र ने विकीपीडिया पर मानहानि का मुकदमा दायर किया है. समाचार एजेंसी ने कहा है कि, विकीपीडिया ने अपने पेज पर ऐसी जानकारी लिखी, जिसमें एएनआई को वर्तमान सरकार के लिए %प्रचार उपकरण के रूप में संदर्भित किया गया. समाचार एजेंसी,हृ्र ने विकिपीडिया पर मानहानि का मुकदमा दायर किया है. सुनवाई के दौरान जस्टिस नवीन चावला ने विकीपीडिया के आचरण पर कड़ी आपत्ति जताई. उन्होंने कहा, मैं अवमानना नोटिस जारी करता हूं. कोर्ट ने कहा, यदि आपको भारत पसंद नहीं है, तो कृपया भारत में काम न करें. हम सरकार से कहेंगे कि विकिपीडिया को भारत में ब्लॉक कर दिया जाए. कोर्ट ने आगे पूछा कि आखिर उसने बेंच के उस आदेश पर अमल क्यों नहीं किया, जिसमें कहा गया था कि वह उन लोगों के बारे में जानकारी दें, जिन लोगों ने एएनआई के पेज में बदलाव किए हैं. विकीपीडिया ने कोर्ट में दलील दी कि उसका संस्थान भारत में नहीं है, इसलिए उनके अधिकारियों को कोर्ट में पेश में होने में वक्त लगेगा.